| NAME | PLACE | DATE |
|---|---|---|
| Nafa Nuksan | Jaipur | 18.08.2021 |

# भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड


**सीआईएनः** L18101RJ2007PLC025502

**पंजीकृत कार्यालयः** एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवाड़ा – 327001, राजस्थान

फोनः 02961 – 231251 – 52, 02962 – 302400; फैक्सः 02961–231254

**कॉर्पोरेट कार्यालय** : भीलवाड़ा टॉवर्स, ए – 12, सेक्टर – 1, नोएडा – 201301 (उ.प्र.)

फोनः 0120–4390300 (EPABX); फैक्सः 0120–4277841

ईमेलः bttl.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.bttl.co.in


## 14वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग एवं पुस्तक बंदी की सूचना

कम्पनी के द्वारा 7 अगस्त, 2021 को दिए गए समाचार पत्र के विज्ञापन के क्रम में, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड (**"कम्पनी"**) की 14वीं वार्षिक आम बैठक (**"एजीएम"**) **शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 2:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")** / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (**"ओएवीएम"**) के माध्यम से, कार्यक्रम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, 14वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य एवं विशेष व्यवसायों के सम्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एलएनजे नगर, मोर्डी, बांसवारा, राजस्थान – 327001 माना जाएगा।

जारी कोविड–19 महामारी के दृष्टिकोण से, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) ने अपने परिपत्र सं. 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 के साथ पठित परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, उसके पश्चात् परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (**"सेबी"**) ने भी अपना परिपत्र SEBI/HO/CFD/ CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020 के साथ पठित परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021 (**"सामूहिक रूप से लागू परिपत्रों के रूप में संदर्भित"**) के हवाले से कैलेंडर वर्ष 2021 में कम्पनियों के एजीएम का आयोजन, आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ("वीसी / ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। इन लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी की 14वीं वार्षिक आम बैठक आयोजन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना वीसी / ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

लागू परिपत्रों के अनुपालन में, 14वीं एजीएम की सूचना एवं कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें वित्तीय वर्ष 2020–21 के अंकेक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, निदेशकों की रिपोर्ट, अंकेक्षकों की रिपोर्ट इसके अतिरिक्त अन्य वांछित संलग्नक दस्तावेजों सहित, 17 अगस्त, 2021 को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा कम्पनी के सदस्यों को, जिनका ईमेल पता कम्पनी / डिपॉजिटरी प्रतिभागी(ओं) के साथ पंजीकृत है, प्रेषित कर दी गई हैं। सदस्यों को 14वीं एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां भेजने की आवश्यकता को लागू परिपत्रों के हवाले से समाप्त कर दिया गया है।

14वीं एजीएम की सूचना तथा कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.bttl.co.in पर, स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर तथा एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने हेतु एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई–वोटिंग एवं एजीएम के दौरान ई–वोटिंग हेतु निर्देशः**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 एवं सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (यथा संशोधित) के विनियम 44 तथा लागू परिपत्रों के अनुपालन में, कम्पनी अपने सदस्यों को, 14वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों के एजीएम में संपादित होने के सम्बन्ध में, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) – अधिकृत एजेंसी के माध्यम से, रिमोट ई–वोटिंग / के साथ एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के द्वारा अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डालने की सुविधा प्रदान कर रही है।

डिमैटेरियलाइज्ड तौर पर, भौतिक तौर पर शेयर रखने वाले धारक तथा ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, हेतु ई–वोटिंग की प्रणाली 14वीं एजीएम की सूचना में प्रदान की गई है। ई–वोटिंग हेतु लॉगिन विवरण सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर उपलब्ध कराया गया है।

**3 सितम्बर, 2021 की कट–ऑफ तिथि** के अनुसार, भौतिक रूप में या डीमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर या **कट–ऑफ तिथि अर्थात् 3 सितम्बर, 2021** के अनुसार डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थियों के रजिस्टर में दर्ज हो, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग के साथ ही वार्षिक आम बैठक के दौरान वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने हेतु अधिकृत होगा।

रिमोट ई–वोटिंग की अवधि मंगलवार, 7 सितम्बर, 2021 को पूर्वाह्न 9:00 बजे से आरम्भ होगी तथा बृहस्पतिवार, 9 सितम्बर, 2021 को अपराह्न 5:00 बजे समाप्त होगी। इसके पश्चात् रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल एनएसडीएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा। उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सदस्यों के वोटिंग का अधिकार कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 3 सितम्बर 2021 को कम्पनी की प्रदत्त समता शेयर पूँजी में उनकी भागेदारी के अनुपात में होगा। वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों / लाभार्थियों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज हो, केवल वहीं रिमोट ई–वोटिंग / एजीएम में ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होंगे और जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उन्हें एजीएम की सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए।

यदि कोई व्यक्ति सूचना के प्रेषण के पश्चात् परन्तु **कट–ऑफ तिथि अर्थात् 3 सितम्बर, 2021** के पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है तो वह अपने में डीमैट अकाउंट संख्या / फोलियो संख्या, पैन, नाम एवं पंजीकृत पते के उल्लेख सहित evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। ऐसे सदस्य कम्पनी द्वारा 14वीं एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट तरीके से, ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपने वोट डाल सकते हैं। हालांकि, जो सदस्य पहले से ही ई–वोटिंग हेतु एनएसडीएल के साथ पंजीकृत हैं, वे रिमोट ई–वोटिंग / एजीएम में ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए अपने मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं।

ई–वोटिंग की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी एवं एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य, जिन्होंने पहले से अपना वोट नहीं डाला है, 14वीं एजीएम सूचना में निर्दिष्ट व्यवसाय(ओं) पर अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से डाल सकते हैं। जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे एजीएम में सम्मिलित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम में पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे।

वे सदस्य, जिनका ईमेल पता कम्पनी या उनके सम्बद्ध डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के साथ पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि नीचे दिए गए चरणों का पालन करके अपना ईमेल पता पंजीकृत करें:

क. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया कम्पनी के आरटीए अर्थात् बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (यूनिटः भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड), बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, एलएससी के पीछे, नई दिल्ली – 110062 को एक विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र भेजें अथवा bttl.investor@lnjbhilwara.com या beetalrta@gmail.com पर ईमेल भेजें एवं ईमेल पता पंजीकृत करने हेतु निम्नलिखित विवरण / दस्तावेज उपलब्ध करायें:

(क) फोलियो संख्या; (ख) शेयरधारक का नाम; (ग) ईमेल पता; (घ) पैन कार्ड की प्रति (स्व–सत्यापित); एवं (ङ) आधार की प्रति (स्व–सत्यापित)

बैंक खाता विवरण अद्यतन करने के मामले में निम्नलिखित अतिरिक्त विवरण / दस्तावेज प्रदान करना वांछित हैः

(क) बैंक का नाम एवं शाखा; (ख) बैंक खाता का प्रकार; (ग) बैंक खाता संख्या; (घ) एमआईसीआर कोड संख्या; (ङ) आईएफएससी कोड; तथा (च) प्रथम शेयरधारक के नाम वाले रद्द किए गए चेक की प्रति

ख. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए, कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी/ओं के माध्यम से अपना ईमेल पता एवं बैंक खाता विवरण अद्यतन करें।

कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण पुस्तकें, एजीएम के उद्देश्य से, शनिवार, 4 सितम्बर, 2021 से शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक बंद रहेंगे।

कम्पनी के निदेशक मंडल ने ई–वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हेतु सुश्री मनीषा गुप्ता, संव्यावसायिक कम्पनी सचिव (सदस्यता संख्या एफसीएस–6378) की संवीक्षक के तौर पर नियुक्ति की है।

परिणाम की घोषणा बैठक के समापन से अड़तालीस घंटे के अन्दर, कम्पनी की वेबसाइट www.bttl.co.in पर, एनएसडीएल (रिमोट ई–वोटिंग / एजीएम के दौरान ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली एजेंसी) की वेबसाइट अर्थात् www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित कर तथा स्टॉक एक्सचेंज अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com में फाइलिंग कर की जाएगी। इन्हें कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय एवं कॉर्पोरेट कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। मतों की अपेक्षित संख्या के शर्तानुरूप, प्रस्तावों को एजीएम की तिथि अर्थात् 10 सितम्बर, 2021 को पारित माना जाएगा।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु 'फ्रीक्वेंटली आस्क्ड क्वेश्चन्स' (FAQ) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैन्युअल संदर्भित कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 1800–222–990 एवं 1800–224–430 पर फोन कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग या ई–वोटिंग की सुविधा से जुड़ी किसी भी शिकायत हेतु, कृपया सुश्री पल्लवी म्हात्रे, प्रबंधक, एनएसडीएल को निर्दिष्ट ईमेल आईडीः evoting@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in पर या टेलीफोन नंबर +91 22 24994360 पर संपर्क करें।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार

कृते **भीलवाड़ा टेक्निकल टेक्सटाइल्स लिमिटेड**

**शेखर अग्रवाल**

स्थानः नोएडा (उ.प्र.) — अध्यक्ष व प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

दिनांकः 17 अगस्त, 2021 — डीआईएनः 00066113